(1300/GG/RC)

साल भर के बाद सन् 2020 में जापान में भी ओलंपिक्स होने हैं। महोदय, हमारी चिंता सिर्फ एक विषय पर है। अगर आप ध्यान से देखें तो भारत में जो आज हमारी आबादी है और जिस प्रकार से हम पूरी दुनिया में आगे बढ़ रहे हैं। अभी हमारी आबादी 138 बिलियन पहुंच चुकी है। चीन हमसे लगभग 400 मिलियन ज्यादा है। 136 करोड़ की आबादी हमारी है और 142 करोड़ चीन की है। चीन 70 मेडल्स ले जाता है। अमरीका जिसकी आबादी 33 करोड़ है, वह 121 मेडल्स ले जाता है। यहां तक कि जर्मनी जिसकी आबादी बहुत ही कम है, जमाइका में सिर्फ 30 लाख की आबादी है और वह 11 मेडल्स ले जाता है। न्यूज़ीलैण्ड जिसकी आबादी 47 लाख है, वह 18 मेडल्स ले जाता है। स्विट्ज़रलैण्ड जिसकी आबादी आठ लाख है, वह लगभ 7 मेडल ले जाता है।

महोदय, मैं यही कहना चाहूंगा कि यह विषय, क्योंकि हम सबको खेल से प्रेम है, आपको भी मैं देखता हूँ कि खेल से प्रेम है। इसमें पूरे भारतवर्ष की उस बड़ी पहचान का विषय बनता है, जब हम पांच ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी का लक्ष्य रखते हैं, दुनिया में अंतरिक्ष में जाते हैं। …(व्यवधान) पता नहीं, आपकी भी रुचि इसमें रहती है।

महोदय, इस पर सदन की कोई समिति बनाई जाए ताकि हम भी अपनी तरफ से देख सकें कि ओलंपिक्स के खेलों में जो पिछले सौ वर्षों में हमारी भागीदारी इतनी कम रही है, हमारे बीच में एक अच्युता जी आए हैं, जो ओडिशा से हैं, ये 25 हज़ार आदिवासी बच्चों को निशुल्क पढ़ाते हैं, खिलाते हैं। इसी सदन के एक सांसद ऐसे हैं, जिनके दस हज़ार आदिवासी बच्चे पिछले तीन साल से ट्रेनिंग ले रहे हैं। हम सब लोगों को, वैसे लोगों को, जो हमारे सांसद मित्र दस हज़ार आदिवासी बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं, इसलिए मैं सदन में यह बात कह रहा हूँ, क्योंकि एक वर्ष का समय है, देश के प्रधान मंत्री जी ने इस विषय पर अपनी बहुत रुचि ली है, सरकार रुचि ले रही है। लेकिन सदन के सभी सदस्यों को इसमें रुचि ले कर सन् 2020 के ओलंपिक्स में भारत सर्वश्रेष्ठ पोज़िशन पर जाए, इसके लिए हमें जो भी पहल करनी पड़े, हमें करनी चाहिए। एक आम सहमति बना कर हम सबको इस देश की प्रतिष्ठा के लिए इस काम को करना चाहिए।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं श्री अजय कुमार को श्री राजीव प्रताप रूडी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI T.R.V.S. RAMESH (CUDDALORE): Mr. Speaker, Sir, I am very much grateful to the hon. Speaker for allowing me to speak in Lok Sabha regarding my constituency problem.

In my constituency, there are many cashew processing units. There are more than 200 cashew processing units in my constituency of Cuddalore. More than five lakh women labourers and more than two lakh men labourers are employed in this processing industry. We want to safeguard them. That is why, I am requesting for a free export zone for cashews. If free export zone is there, the labourers will be benefited accordingly. They are now levying 2.5 per cent duty on cashew. It should be withdrawn to safeguard the cashew industry in my area. More than seven lakh people are involved in the cashew export processing units. The cashew industry is earning foreign currency for the country. That is why, you have to ban the import of raw cashew kernel.

SHRIMATI NUSRAT JAHAN RUHI (BASIRHAT): Good afternoon to all my hon. colleagues and very good afternoon, Mr. Speaker, Sir. This is my first speech like my friend and colleague, Ms. Mimi.

Sir, I thank you for giving me this opportunity to raise a matter of urgent public importance during ‘Zero Hour’. I really thank you and I feel honoured.

My concern is to construct and start a Kendriya Vidyalaya in my Basirhat parliamentary constituency. There is no doubt that the Kendriya Vidyalayas

are playing a pivotal role in imparting quality education in the country with uniform curriculum and the performance of these schools is really appreciable.

Sir, I would request the Government to kindly expedite setting up a Kendriya Vidyalaya in my Basirhat parliamentary constituency of West Bengal. Basirhat is a border area where central employees are on vigil all through 24x7. Moreover, there are thousands of ex-servicemen families residing in and around Basirhat but within 60 kilometre radius, there is no Kendriya Vidyalaya.

(1305/SNB/KN)

The entire part of my Parliamentary constituency is backward with 86.81 per cent of rural population and 13.19 per cent of urban population. The ratio of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes population is 25.34 per cent and 6.56 per cent respectively. People here cannot afford to send their children to public schools because of their low income.

Therefore, I would like to sincerely request the Government to kindly expedite setting up of a Kendriya Vidyalaya and start the session from the next academic year. It is of utmost importance.

Thank you.

SHRI P. RAVEENDRANATH KUMAR (THENI): Hon. Speaker, Sir, thank you for giving me this opportunity to raise an issue concerning my State. My colleagues have raised several issues against the State Government of Tamil Nadu with regard to the present water scarcity situation in the State. Failure of monsoon and devastation of water sources is a major reason for this. The false

allegation is being made against the State Government by the Opposition. …(*Interruptions*) I am the only Member here representing the Party which is running the Government in Tamil Nadu …(*Interruptions*) The Opposition Parties from Tamil Nadu is having 37 Members in this House. I am having the list showing the steps taken by the Government of Tamil Nadu and if they so desire, I can give the list to them and if they like they can put it in their media because they are having the media support. I request them to put it in the media without hiding anything …(*Interruptions*) Sir, will you give me a chance to speak on the issues pertaining to the State of Tamil Nadu? …(*Interruptions*) I am the representative …(*Interruptions*)

SHRI T.R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Sir, this is not fair. He is misleading the House …(*Interruptions*)

SHRI P. RAVEENDRANATH KUMAR (THENI): Sir, we have taken a number of steps to solve the water problem in the State …(*Interruptions*) Sir, I am not giving false statements …(*Interruptions*)

SHRI T.R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Sir, the Government in the State is miserable. The programmes started by the then Deputy Chief Minister of the State during the time when our Government was in power has not been completed …(*Interruptions*)

**श्री गिरीश चन्द्र (नगीना):** माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे 17वीं लोक सभा में पहली बार बोलने का मौका दिया है, मैं दिल की गहराई से आपका आभार प्रकट करना चाहता हूँ। आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी जो बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा हैं, उनका भी आभार प्रकट करना चाहता हूँ और नगीना लोक सभा के क्षेत्र के तमाम हमारे मतदाताओं को भी बधाई देना

चाहता हूँ कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के सदन में मुझे बोलने का मौका दिया। मेरे लोक सभा क्षेत्र नगीना में नदी का कटान जो गंगा, रामगंगा और खोह नदी से कटान होता है, इस कटान को न रोकने की वजह से तमाम गाँव की फसलें उजड़ जाती हैं, गाँव भी बह जाते हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ कि मेरे क्षेत्र नगीना लोक सभा में जो रामगंगा बहती है, गौरवधइया ग्राम सभा से होकर जाती है और बिजनोर लोक सभा क्षेत्र में सम्मिलित हो जाती है, जहाँ तमाम कटान होता है, वह रोका जाए। मैं आपसे यह अनुरोध करता हूँ कि मेरे क्षेत्र में कटान को ध्यान में रखते हुए और किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए, उनकी फसल बर्बाद न हो। आपका जो किसानों की आय को दुगुना करने का लक्ष्य है, अगर किसान की फसल बर्बाद हो जाएगी तो वह लक्ष्य प्राप्त नहीं होगा। उसे ध्यान में रखते हुए हमारे क्षेत्र के लोगों का ध्यान रखा जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री रविंद्र श्यामनारायण शुक्ला उर्फ रवि किशन (गोरखपुर):** स्पीकर महोदय, धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। यह बहुत ही सीरियस मामला है, जिस पर मैं बात करना चाहता हूँ। आज 'एंटी ड्रग डे' है। हमारे देश की आबादी में 65 प्रतिशत युवा 35 वर्ष से नीचे हैं। पड़ोसी मुल्क से बहुत सारी ड्रग्स यहाँ पर भेजी जाती हैं। वैसे वह लड़ नहीं सकते तो हमारी आबादी को खोखला करना चाहते हैं। आपकी जानकारी के लिए मैं बताना चाहता हूँ कि ऐसी बहुत सारी दवाइयों की फैक्टरियाँ हैं, देहात में, जिले में, गाँव में और शहरों में जो दवा के नाम पर ड्रग्स बनाती हैं। यह नशा बहुत ही खतरनाक एक बीमारी है हमारे युवा के लिए, हमारे देश के लिए। यह बहुत पुरानी बीमारी है। यह बहुत पुरानी एक सोची हुई साज़िश यहाँ 1960 से चली आ रही है।

(1310/CS/RU)

हमारी सरकार इस पर बहुत काम कर रही है। मैं 600 फिल्में कर चुका हूँ। मेरे बहुत सारे स्टार मित्र बॉलीवुड से हैं। वे गाँव, देहात, शहर में काउन्सलिंग के लिए जा सकते हैं। अगर इसके लिए हमें घूमना पड़े तो हम घूमेंगे। हम इसकी अवेयरनेस करवायें। मेरा भारत नशा मुक्त होना चाहिए। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और डॉ. किरिट पी. सोलंकी को श्री रविंद्र श्यामनारायण शुक्ला उर्फ रवि किशन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री बसंत कुमार पांडा (कालाहाण्डी):** महोदय, मैं एक बहुत पिछड़े क्षेत्र कालाहाण्डी से आता हूँ। कालाहाण्डी में दो जिले पड़ते हैं और वे दोनों जिले माननीय मोदी जी की परिकल्पना के हिसाब से आकांक्षी जिले हैं। वहाँ चिकित्सा की कोई सुविधा नहीं है। राज्य सरकार ने दो बार पीपीपी मोड में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए प्रयास किया, लेकिन संभव नहीं हो पाया। वहाँ से विशाखापट्नम और रायपुर आने-जाने के लिए सुविधा प्राप्त होनी चाहिए। मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि जूनागढ़ तक रेलवे लाइन पहुँची है, तो जूनागढ़ से विशाखापट्नम तक इंटरसिटी ट्रेन चलाई जाए। रूपरा रोड और नयापारा रोड में किसी एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज नहीं है। नयापारा रोड डिस्ट्रिक्ट हैडक्वॉर्टर का रेलवे स्टेशन है, वहाँ पर हर एक्सप्रेस ट्रेन के रुकने की व्यवस्था की जाए।

मेरा एक छोटा सा निवेदन और है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में बरगढ़ से बोरिगुमा, रेलवे लाइन में केसिंगा टाउन पड़ता है। वहाँ ओवरब्रिज की मंजूरी हो चुकी है। रायपुर से गोपालपुर का, एन.एच. में खरियार रोड में एक ओवरब्रिज मंजूर हो चुका है, लेकिन उसे बनने में देरी हो रही है, वहाँ रास्ता अच्छा नहीं है। चार साल से टेंडर हो चुका है, लेकिन वह बन नहीं पा रहा है।

एक माननीय सदस्य बता चुके हैं कि किस प्रकार रास्ता नहीं बनने के कारण दुर्घटनाएं होती हैं। लोग गड्ढ़े में गिरते हैं और मर जाते हैं। मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि वह इन चार कामों पर जल्दी से जल्दी ध्यान देकर इन्हें पूरा करे। धन्यवाद।

SHRI H. VASANTHAKUMAR (KANNIYAKUMARI): Sir, I have got elected from Kanniyakumari which is at the tip of India. Crores of people are visiting my constituency but there is no infrastructure available. Adequate trains are not available. Airport is not there. Fishermen community is suffering due to sea

erosion. We also want a unit of ITDC to be established so that there will be development of tourism. This will also help the people to visit the pilgrim spots at Kanniyakumari including Gandhi Mandapam, Kamaraj Mandapam and Vivekananda Rock. As we are at the tip of India, please consider our demands.

I would request the Government to make arrangements to give more facilities to the tourists. Only then India will earn more foreign exchange. It is because foreign tourists are visiting the place. So, we want an airport, a helipad, more trains, steps to safeguard our fishermen from sea erosion.

**माननीय अध्यक्ष :** श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री एच. वसंतकुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री गुमान सिंह दामोर (रतलाम):** महोदय, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। मैं रतलाम, मध्य प्रदेश से हूँ। मैं आपकी जानकारी में यह लाना चाहता हूँ कि दिसम्बर, 2018 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है और तब से हमारे कार्यकर्ताओं पर भारी अत्याचार हो रहा है। अभी दो दिन पहले की बात है कि आपसी विवाद की सूचना देने के लिए हमारे चार कार्यकर्ता रतलाम के औद्योगिक थाना क्षेत्र में गए। उन चारों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बिना पूछे, बिना कारण बताए इतना पीटा, इतना पीटा कि आज वे चारों अस्पताल में भर्ती हैं।

महोदय, यह पहली घटना नहीं है। इसके पहले भी तीन बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। बिना कारण बताए, बिना वजह से हमारे कार्यकर्ताओं को पीटा जा रहा है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूँ कि ऐसी घटनाओं पर तत्काल रोक लगे और यदि मध्य प्रदेश शासन कानून व्यवस्था ठीक नहीं कर पाए तो मध्य प्रदेश शासन को भंग कर देना चाहिए। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री गुमान सिंह दामोर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI JAMYANG TSERING NAMGYAL (LADAKH): Sir, with your kind permission, I would like to catch the attention of the hon. Minister for Telecommunications to an important issue. Digital Satellite Phone Terminal Services (DSPT) are provided by BSNL all over Jammu and Kashmir. About 338 DSPTs which were working in Leh Secondary Switching Areas including 68 DPTs of Kargil District have stopped working since 13th May, 2019 after transponder of satellite NSS was switched off and about more than 1000 DSPTs are affected all over J&K.

(1315/NKL/RV)

I learn that priority information was given by SES networks to BSNL, ISRO, Antrix Corporation to make alternative arrangements. For restoration of DSPT services, migration to other satellites will be required but I am given to understand that the BSNL Circle Office at Jammu and Kashmir have no information regarding further strategies of BSNL for revival of the DSPT services.

ऑनरेबल स्पीकर सर, यह केवल लोगों की सुविधा के साथ जुड़ा नहीं है, बल्कि देश की सुरक्षा के साथ भी जुड़ा है। मेरे क्षेत्र लद्दाख के दूरदराज एरिया, जो मोस्ट बैकवर्ड हैं, जैसे सिंगालालोक, चुमूर, देमचोक, चुशूल, द्रास, जास्कर - इस तरह के जो बॉर्डर इलाके हैं, वहां आर्मी को भी यह सुविधा दी जाती है।

इन डी.एस.पी.टीज़. के नहीं चलने की वज़ह से वहां पर तैनात आर्मी को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। आपके माध्यम से टेलीकॉम मिनिस्ट्री से मेरी रिक्वेस्ट है कि जल्द से जल्द इम्मीडिएट एक्शन लेकर इस डी.एस.पी.टीज़. को रिवाइव किया जाए। इसके साथ ही साथ, इन

दूरदराज के इलाकों में मोबाइल टावर्स की उपलब्धता, जो यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंडिंग के तहत नॉन-कॉमर्शियल वाएबिलिटी के तहत होता है, उसका प्रबंध किया जाए।

धन्यवाद जी।

**माननीय अध्यक्ष:** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री जामयांग त्सेरिंग नामग्याल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

DR. BHARATI PRAVIN PAWAR (DINDORI): Hon. Speaker Sir, thank you so much for giving me this opportunity.

सर, मैं दिन्डोरी महाराष्ट्र से हूं। मैं सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी में प्याज उत्पादकों की समस्या की तरफ दिलाना चाहूंगी। प्याज उत्पादन में आज किसानों को प्याज की बुवाई, सिंचाई, कटाई, बिजली एवं अन्य कार्यों में भारी लागत का सामना करना पड़ रहा है। प्याज के उत्पादन में लागत ज्यादा और प्याज की कीमत कम मिल रही है, जिसकी वज़ह से प्याज का उत्पादन घाटे का सौदा हो गया है। अनेक वर्षों से, मेरे संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी और नासिक जिले में आवश्यकता के हिसाब से कम बरसात होने से हर साल सूखा पड़ रहा है, जिसके कारण प्याज उत्पादकों को प्याज का काम उत्पादन होने के कारण उनकी मेहनत का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। प्याज उत्पादन के लिए प्याज उत्पादक विभिन्न एजेंसियों से लोन लेते रहते हैं, परन्तु प्याज की सही कीमत नहीं मिलने से लोन को वापस करने में उन्हें काफी दिक्कतें उठानी पड़ती हैं।

महोदय, सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार प्याज के उत्पादक किसानों को प्याज के लिए कम से कम दो हजार रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा करके प्याज उत्पादक किसानों के परिवारों को राहत प्रदान करे।

**माननीय अध्यक्ष:** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को डॉ. भारती प्रवीण पवार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू):** महोदय, हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड, खेतड़ी नगर, जिला - झुन्झुनू, राजस्थान में एस.एम.एस. कम्पनी, नागपुर द्वारा की गयी अनियमितताओं की जांच करवाने के

विषय में मेरा निवेदन है। हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड, खेतड़ी नगर, जिला - झुन्झुनू, राजस्थान में भारत सरकार का उपक्रम चलता है। पुरानी सरकारों की अनदेखी व अधिकारियों की गैर जिम्मेदारी के कारण विश्व के सबसे बड़े महाद्वीप एशिया महाद्वीप का यह मुख्य प्लांट वर्तमान में खराब स्थिति में है। हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड ने एस.एम.एस. कम्पनी, नागपुर को लेबर कॉन्ट्रैक्टर दिया हुआ है, जो स्वयं काम न करके, सब-कॉन्ट्रैक्टर को लेबर सप्लाई सब-कॉन्ट्रैक्ट दिया हुआ है, जो नियम विरुद्ध है। ब्लास्टर कार्मिक को एस.एम.एस. कम्पनी, नागपुर द्वारा 63 हजार रुपये में कार्मिक देय तय किया हुआ है, जबकि सब-कॉन्ट्रैक्टर उसी कार्मिक को 22 हजार रुपये देता है। सब-कार्मिकों को प्रताड़ित किया जाता है। भ्रष्टाचार को देखते हुए सब-कॉन्ट्रैक्टर को हटाया जाए और भ्रष्टाचार की जांच करवायी जाए।

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड, खेतड़ी नगर, जिला - झुन्झुनू, राजस्थान में नई टेक्नोलॉजी का नया मिनी प्लांट लगाया जाए और गैस के प्लांट्स पुन: चालू करवाए जाएं। बंद पड़ी समस्त यूनिटों का आधुनिकीकरण करवाकर पुन: चालू करवाया जाए।

**माननीय अध्यक्ष:** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री नरेन्द्र कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

माननीय सदस्यगण, मैं नए माननीय सदस्यों से आग्रह करूंगा कि शून्य काल में वे बिना पढ़े बोलने का प्रयास करें। पढ़ने के लिए मैं नियम-377 के अन्तर्गत कोशिश करूंगा कि नियम-377 के लिए अधिकतम समय एलाऊ करूं, ताकि सभी माननीय सदस्यों को मौका मिले। इसलिए इसका प्रयास हम सबको करना चाहिए।

(1320/MY/KSP)

**श्रीमती लॉकेट चटर्जी (हुगली):** अध्यक्ष महोदय, हुगली वासियों की तरफ से आपको प्रणाम तथा अभिनंदन है।

Respected Speaker, Sir I would like to draw your attention to the burning issue relating to the deterioration of law and order situation in the State of West

Bengal. मैं बहुत दुख के साथ कहना चाहती हूं, हमारा बंगाल रामकृष्ण परमहंस का बंगाल है, जो विवेकानन्द जी का बंगाल है, जो रवीन्द्रनाथ टैगोर का बंगाल है, जो नज़रूल इस्लाम का बंगाल है, वह अभी जल रहा है। यह जो हिंसा है, वह दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। आपसे मैं यह निवेदन करती हूं, पंचायत चुनाव से लेकर लोक सभा चुनाव तक हमारे 100 से ज्यादा कार्यकर्ताओं की मौत हो गई, सिर्फ पॉलिटिक्स के लिए, वोट बैंक के लिए, …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) ने हत्या कर दिया है।…(व्यवधान)

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Hon. Speaker, Sir, law and order issue cannot be raised here. …(*Interruptions*)

**श्रीमती लॉकेट चटर्जी (हुगली):** अध्यक्ष महोदय, लोक सभा चुनाव से लेकर अभी तक हमारे 15 से ज्यादा कार्यकर्ताओं की मौत हो गई हैं।…(व्यवधान) कुछ दिन पहले बशीरहाट में हमारे सात कार्यकर्ताओं का नि-खोज है, पुलिस ने सिर्फ दो बॉडिज़ को आइडेन्टिफाई किया है। अभी तक हमारे जो पांच कार्यकर्ता हैं, वे नि-खोज हैं। पुलिस ने अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं किया है। …(व्यवधान) जो हेड है, वह शेख शाहनवाज़ है, अभी तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।…(व्यवधान) वह अभी बांग्लादेश भाग गया है, कोई-कोई लोग बोल रहे हैं।…(व्यवधान)…(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) पुलिस मंत्री है, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं की है।…(व्यवधान)

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Sir, this is not correct. How can she take her name? …(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** नाम नहीं जाएगा।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, व्यवस्था दे दी गई है।

…(व्यवधान)

**श्रीमती लॉकेट चटर्जी (हुगली):** अध्यक्ष महोदय, बांकुरा में पुलिस ने हमारे एक छात्र को, जो क्लास-8 का छात्र है, उसको मार दिया गया है। …(व्यवधान) अभी वह हॉस्पिटल में है और मृत्यु के साथ लड़ रहा है।…(व्यवधान)

SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR): Sir, from tomorrow we will also raise law and order issue here. …(*Interruptions*)

**श्रीमती लॉकेट चटर्जी (हुगली):** अध्यक्ष महोदय, भाटपाड़ा में हमारे जो दो बीजेपी कार्यकर्ता हैं, उनके ऊपर पुलिस ने गोली चलाई है।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती लॉकेट चटर्जी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

**श्री दिलीप साईकिया (मंगलदाई):** अध्यक्ष जी, मुझे पहली बार सदन में बोलने का मौका मिला है, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

मैं असम के मंगलदाई लोक सभा क्षेत्र से आया हूं। हमारा मंगलदाई और उदलगुड़ी डिस्ट्रिक्ट दोनों ही एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट हैं। जो मंगलदाई टाउन है, वह करीब 17 किलोमीटर एनएच-15 के अंदर से होकर गुजरता है। अभी तक उस हाइवे में किसी बाईपास की व्यवस्था नहीं हुई है। इसके कारण मंगलदाई शहर में रोजना तीन-चार ऐसी दुर्घटनाएं होती हैं, जिसमें एक, दो, तीन, चार लोगों की मौत हो जाती है। यह बहुत ही गंभीर मामला है। इस विषय को भारत सरकार के माननीय मंत्री जी संज्ञान में लें और तुरंत बाईपास बनाने का काम शुरू किया जाए। हमारे मंगलदाई शहर में करीब 50 हजार लोग बसते हैं, उनके लिए बहुत ही सुविधा होगी। वहां बहुत बड़े-बड़े स्कूल्स हैं, बड़े नेशनल हाइवे है, बड़े-बड़े ट्रकों का आवागमन होता है, इसलिए मैं अनुरोध करता हूं कि मंगलदाई शहर में बाईपास का निर्माण शुरू किया जाए।

दूसरा, मैं 377 में भी अपना विषय रखूंगा। अभी तक हमारा क्षेत्र रेल नेटवर्क से नहीं जुड़ा है। उस समय अगर आप मुझे मौका देंगे तो मैं 377 में अपना विषय रखूंगा। मेरा यह विषय है कि नेशनल हाइवे-15 में जल्द से जल्द बाईपास बनवाया जाए।

(1325/SRG/CP)

**श्री संजय सेठ (राँची):** अध्यक्ष महोदय, मैं भगवान बिरसा मुंडा की भूमि झारखंड, रांची से आया हूं। आपने मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद। महोदय, रांची में रांची विश्वविद्यालय 1960 से गठित है। 1960 से गठित यह विश्वविद्यालय जहां जनजातीय समाज के अधिकतर लोग हैं और वहां पर उस विश्वविद्यालय का उस हिसाब से फैलाव नहीं हुआ है, मेरा यह आग्रह है कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी का उसको दर्जा दिया जाए। वर्ष 2018 में युवा महोत्सव बहुत बखूबी रांची विश्वविद्यालय ने निभाया। मेरा यह आग्रह है कि जल्द से जल्द वहां युगों की जो बहुत बड़ी डिमांड है, रांची विश्वविद्यालय को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया जाए।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री संजय सेठ द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI SAPTAGIRI ULAKA (KORAPUT): Speaker Sir, thank you so much for giving me an opportunity. This is my first term in Lok Sabha. I would like to draw the attention of the Government, through you, to a major train accident that happened in my constituency Rayagada, which is a part of KBK. Unfortunately, the Samaleshwari Express train hit a tower car engaged in railway work. This exposes the fact that there is no coordination between the railway staff. How was the train given a signal and how did it hit the tower car? Three railway staff died in the accident. But this is not the first time that it has happened. In my Rayagada district, two years back, around 39 people were killed and 54 injured when Hirakhand Express derailed. Nothing happened

after that. For two years, there has been investigation; there has been no action or action plan. Hon. Prime Minister, Mr. Modi has been saying that they are modernizing the railways and that they are looking into the infrastructure of the crumbling railways and so on, but we do not see any improvement in this. Since hon. Prime Minister yesterday invoked the name of Lal Bahadur Shastri Ji, I am asking through you whether hon. Railway Minister will do something similar; whether he will resign because of this lapse. This is what my question is.

SHRIMATI KANIMOZHI KARUNANIDHI (THOOTHUKKUDI): The police shooting in Thoothukkudi against innocent protesters shocked the conscience of the entire nation. This happened on $22^{nd}$ May, 2018. Thirteen people were killed. They were shot there on the spot and were killed and three more died due to the injuries sustained. So, the death toll is 16. The hon. Madurai Bench of Madras High Court on 14.8.2018 ordered the case to be shifted to CBI and directed that the investigation should be completed in four months. But it has been over a year after the shooting and 10 months after the court ordered the CBI enquiry, but the CBI has not even named one single police personnel in the FIR. With this state of investigation, how is it that the Thoothukkudi people will be re-assured of any justice?

Sir, the National Human Rights Commission which took *suo moto* cognizance of the incident had sent its team, but unfortunately, relying on the Tamil Nadu Government's report, it has closed its findings without making it public. The families of the injured and the families of the deceased have not

been properly compensated. The injured are not able to go for further treatment because the compensation is inadequate and the jobs given to them are not good enough. Sir, we have to make sure that the people who have been hurt, the people of Thoothukkudi are given justice because there are so many young people killed. A girl who was 17 years old called Snowlin was shot in her head and killed. The justice was not done to the people of Thoothukkudi.

**माननीय अध्यक्ष :** श्री बी. मणिक्कम टैगोर को श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्रीमती नवनीत रवि राणा (अमरावती):** अध्यक्ष महोदय, आपने सभी यंगस्टर्स को और न्यू-कमर्स को एप्रीशिएट किया और आप उनको बोलने का मौका देंगे। जिस तरीके से आपने कहा, मैं आपके समक्ष एक चीज लाना चाहूंगी। जितने भी फॉरेस्ट एरिया में गांव हैं, जहां आदिवासी लोग रहते हैं, वहां पर बीएसएनल और फॉरेस्ट की जो कनेक्टिविटी है, हम बोलते हैं कि डिजिटल इंडिया बनना चाहिए, पर मेलघाट जैसी जगहों पर, फॉरेस्ट जैसी जगहों पर, जहां पर बहुत सारी बस्ती बसी हुई हैं और गांव बसे हुए हैं।

(1330/NK/KKD)

जहां लाखों लोग रह रहे हैं, हम कनेक्टिविटी की बात करते हैं। मेरे क्षेत्र में सबसे बड़ा ट्राइबल एरिया है, जो पूरे विदर्भ में सबसे बड़ा माना जाता है। आज अगर वहां कोई लेडी प्रैगनेंट है या किसी को हार्ट की प्रोबल्म है, वहां कनेक्टिविटी नहीं रहने के कारण अगर किसी फीमेल को डिलीवरी कराने जाना है तो वह वहां गांव में कराएगी या रोड पर करेगी, उन्हें वहां फोन या कनेक्टिविटी की सुविधा नहीं है।

मेरी आपसे विनती है कि फॉरेस्ट को आपके द्वारा आदेश दिया जाए कि वहां पर बीएसएनएल की जो भी कनेक्टिविटी है, उन्हें आप अंडरग्राउंड करने दें। वहां सबसे बड़ा प्रोबल्म

कनेक्टिविटी करने के लिए लिए है, अगर हमें फॉरेस्ट वाले परमिशन नहीं देंगे तो मैं इस गांव से उस गांव तक बीएसएनएल को अंडर ग्राउंड करके उनको कनेक्टिविटी किस हालत में दूंगी? यहां मेलघाट है, धारनी, चूरनी है, तेम्बूरसोंडा है, ऐसे ही गोविन्दपुर है, जो अमरावती से बीस किलोमीटर दूर है, वहां से राष्ट्रपति ताई ने रिप्रेजेंट किया था, वहां से वह खुद सांसद रही हैं। उस जगह में और अमरावती जैसे शहर के बीस किलोमीटर में जहां महानुभाव पंथों का सबसे बड़ा तीर्थ स्थान है। अमरावती शहर से वहां तक बीस किलोमीटर पोस्ट कनेक्टिविटी मिस करते हैं। मुझे लगता है उस पर आपको जरूर कार्रवाई करनी चाहिए। हमारे आदिवासी भाइयों और गोविन्दपुर मेल घाट के पूरे क्षेत्र को बीएसएनएल की सुविधाएं मिले …(व्यवधान)

**श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर)** : मैं लोक महत्व के विषय पर अपने क्षेत्र अम्बेडकर नगर की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट काराना चाहता हूं। जिला अम्बेडकर नगर के जिला मुख्यालय अकबरपुर में रेलवे क्रासिंग हमेशा के लिए बंद कर दी गई है। इस रेलवे क्रासिंग के दोनों तरफ व्यस्त बाजार हैं, एक तरफ स्कूल है और दूसरी तरफ अस्पताल है। क्रासिंग हमेशा के लिए बंद होने की वजह से बच्चों, मरीजों और आम जनमानस को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन है कि इस रेलवे क्रासिंग के नीचे से एक अंडरपास की स्थापना की जाए और उसके लिए तुरंत निर्देशित किया जाए ताकि अम्बेडकर नगर के लोगों को इस समस्या से निजात मिलने का काम हो। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष** : डॉ. सुभाष सरकार – उपस्थित नहीं।

**डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यावती (अनाकापल्ले):** रिसपेक्टेड स्पीकर जी, मैं अनाकापल्ले आंध्र प्रदेश की कंस्टीट्यूएंसी से आती हूं।

"बुद्धं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि, संघम शरणं गच्छामि।"

हमारा हिन्दुस्तान लार्ड बुद्ध भगवान की जन्म भूमि है। In my Constituency, we have one small hilly area like Bojjana Konda. यह बहुत पुरानी है। Every year, so many Buddha Dhammas visit this place. But in spite of various representations from

us and from our previous Lok Sabha Members, there are no proper facilities and development there. So, I would request the hon. Minister of Culture and Tourism to preserve this heritage monument and take necessary steps for the development of Bojjana Konda in my Anakapalle in my Constituency. Thank you.

HON. SPEAKER: Dr. Subhash Sarkar – Not present.

Shri S.Muniswamy.

*SHRI S. MUNISWAMY (KOLAR): Honourable Speaker Sir, I congratulate you for giving me the opportunity to speak as member of the 17th Lok Sabha on behalf of my people of Kolar Lok Sabha Constituency. After the independence, for the first time in my Kolar district, a non congress candidate that too from BJP is elected to support Shri Narendra Modi ji, Hon. Prime Minister of the country. The people of my district expect welfare and development works from the Government of India.

---

*Original in Kannada

(1335/YSH/RP)

हमारे कोलार जिले के फार्मर्स की क्या प्रॉब्लम है, 14 से 17 साल से बारिश नहीं है उधर, एग्रीकल्चरिस्ट बोलते हैं कि उधर पानी नहीं है। हमारे कोलार जिला में हम ज्यादा से सिल्क, मिल्क और गोल्ड पूरी दुनिया को सप्लाई करते रहे, लेकिन अब मेरे कोलार जिले में पानी नहीं है। एग्रीकल्चरिस्ट लोग 1500 से 1800 फीट बोर करें तो भी उधर पानी नहीं आ रहा है। इसलिए हमारा नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जल सचिव का सेपरेट खाता आपने दिया है। उसकी तरफ से हमारे कोलार जिले के एग्रीकल्चरिस्ट को पानी देंगे तो हम देश के लिए जो एग्रीकल्चर में वेजीटेबल चाहिए, टमाटर चाहिए, सभी हम उधर मैन्यूफैक्चरिंग करके सप्लाई करेंगे।

दया करके हमारे कोलार जिला का रैय्यतों के कष्ट को देखने के लिए, स्पेशल केयर लेकर हमारे कोलार जिले की सहायता करें। बाद में हमारा कोलार जिले का के.जी.एफ. माइन गोल्डफील्ड बंद हुआ है। उधर से कम से कम 25 से 30 लोग बेंगलुरु में काम के लिए जा रहे हैं, उनके लिए उधर स्पेशल इकोनोमिक जोन की तरह से कम्पनी को उधर स्थापित करें तो सभी को इम्प्लॉयमेंट मिलता है, इसलिए दया करके हमारे कोलार के बारे में आप कुछ करें। बहुत शुक्रिया।

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री एस. मुनिस्वामी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री हनुमान बैनिवाल (नागौर):** अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान सहित देश के किसानों की मांग की तरफ भारत सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहूँगा। वैसे तो एम.एस.पी. पर सबसे ज्यादा

रिकॉर्ड खरीद पिछले पांच साल के अन्दर राज्यों में, देश के अन्दर हुई, लेकिन और किसानों की आत्महत्याएं भी देश के विभिन्न कोनों के अन्दर बढ़ रही हैं।

अध्यक्ष महोदय, हमारी एक मांग है, एम.एस.पी. के अन्दर ज्यादातर जो भी क्राप्स थीं, उसको आप ले रहे हैं, लेकिन कुछ विशिष्ट फसलें जैसे ग्वार, मोठ, जीरा, धनिया, लहसुन, ईसबगोल, अरण्डी, चौला, ग्वारपाठा और मेहंदी, ये सभी बहुतायत में राजस्थान में होती हैं, अन्य स्टेट्स के अंदर भी होती हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरी आपके माध्यम से यह मांग रहेगी कि इन फसलों को भी एम.एस.पी. के अन्दर समर्थन मूल्य के अन्दर लिया जाए, सूचीबद्ध किया जाए ताकि किसानों को बहुत बड़ी राहत मिले। राजस्थान के सहकारिता सचिव ने जब विधान सभा में हम थे, बार-बार इस मामले को उठाया, कई बार पत्राचार भी दिल्ली की सरकार से किया, तो मेरी आपके माध्यम से मांग रहेगी कि इन प्रमुख फसलों को जो राजस्थान के अलावा देश के अन्य भागों के अन्दर होती है, इसके अन्दर किसानों को पैसा भी ज्यादा मिलेगा। समर्थन मूल्य की कई बार ऐसी स्थिति हो जाती है, अध्यक्ष महोदय, मैं एक उदाहरण दूंगा। जैसे प्याज है, वह राजस्थान के अन्दर बहुत ज्यादा तादाद में होता है और प्याज 100 रुपये क्विंटल किसान बेचने को मजबूर होता है। कई बार वह सड़कों पर प्याज, टमाटर फेंक देता है। ऐसी स्थिति भी देश के अन्दर बनी। मेरा सरकार से यही निवेदन है कि किसानों की आर्थिक स्थिति कैसे ठीक हो, क्योंकि प्रधान मंत्री जी काफी गंभीर हैं। इस मामले पर ध्यान देकर इन विशिष्ट फसलों को समर्थन मूल्य की सूची में शामिल किया जाना चाहिए, धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री देवजी एम. पटेल एवं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री हनुमान बैनिवाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI SUNIL DATTATRAY TATKARE (RAIGAD): Sir, thank you very much for giving me this opportunity. I am coming from Raigad where a great warrior, Chhatrapati Shivaji Maharaj, established Hindavi Swarajya. He was greater than Alexander and Napoleon. I am proud of him.

Sir, I am raising a matter of urgent public importance. It is related to Marathi language. It is an official language and co-official language in Maharashtra and Goa States respectively. This language is spoken by more than 83 million people in India. Sir, I would like to make a point that the Centre is belittling the Marathi language. One of these is lowering the status of this language by closing down the Central Marathi News Unit of All-India Radio in its News Headquarters Services Division in New Delhi.

Therefore, Sir, I am requesting the Government that the Central Marathi News Unit of Delhi should immediately be restored. This is my humble request. We are requesting the Government to give Marathi language *abhijat bhasha darja.*

(1340/RPS/RCP)

**श्री महेंद्र सिंह सोलंकी (देवास):** अध्यक्ष महोदय, मैं मध्य प्रदेश के देवास लोक सभा क्षेत्र से आता हूं। पिछले चुनाव में मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने किसानों से 'झूठे' वादे किए थे कि दो लाख रुपये की कर्ज माफी की जाएगी, परन्तु आज दिनांक तक कांग्रेस सरकार ने किसानों की दो लाख रुपये की कर्ज माफी नहीं की है। इस कारण सोसाइटी के लोग किसानों को सोसाइटी से खाद-बीज उपलब्ध नहीं करवा रहे हैं, जिसके कारण किसान बेहद परेशान हैं। मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करता हूं कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करें, जिससे किसानों को राहत मिल सके।

SHRI KANUMURU RAGHURAMA KRISHNARAJU (NARSAPURAM): Sir, I represent Narsapuram Parliamentary constituency which is in the West Godavari district. As the name 'Godavari' is there in the district, all Godavari canals are around us. But unfortunately, because of aquaculture, which is the

backbone of our economy, there is acute drinking water shortage and the entire water has got polluted due to salinity.

I would request that the Rural Development Ministry of the Central Government should give special focus, as a special case, on giving us the major trunk lines for water from Godavari River. We would lay the subsequent lines. Since we are getting huge revenue – worth Rs. 15,000 crore to the Exchequer – through aquaculture, as a special case, the Rural Development Ministry should kindly look into this issue. If you suggest, we would also meet them and request them for the support. Thank you, Sir.

**श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो):** अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि सदन में आपने मुझे बोलने का अवसर दिया।

खजुराहो दुनिया की वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स में से एक स्थान है। वहां आधुनिक एयरपोर्ट है। इंटरनेशनल एयरपोर्ट का प्रस्ताव भी पिछले कई सालों से लम्बित है। खजुराहो में दो फ्लाइट्स – एक जेट एयरवेज और दूसरी एयर इंडिया – चालू थीं, लेकिन कुछ दिनों से जेट एयरवेज बन्द है और अभी एयर इंडिया की फ्लाइट भी बन्द कर दी गई है। इसके कारण दुनिया भर से बड़ी संख्या में जो पर्यटक खजुराहो में आते हैं, उनका आना प्रभावित हुआ है और क्षेत्र की जनता की भी इस बारे में बहुत बड़ी डिमाण्ड है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि तत्काल एयर इंडिया की फ्लाइट दिल्ली से खजुराहो और खजुराहो से मुंबई तक प्रारम्भ की जाए। जो इंटरनेशनल एयरपोर्ट का प्रस्ताव है, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि यदि उसे जल्दी से जल्दी पारित किया जाए तो बहुत अच्छा होगा। वह क्षेत्र के लिए बहुत आवश्यक है। आपको और सदन को भी मैं खजुराहो के वर्ल्ड हेरिटेज में आमन्त्रित करता हूं। धन्यवाद।

DR. M.K. VISHNU PRASAD (ARANI): Sir, I represent the Arani constituency in Tamil Nadu. It consists of mainly farmers and weavers. Due to pollution from dyeing industries, so many units in Tamil Nadu, especially in Tiruppur, have been closed. So many weavers have been affected and a lot of them have to choose an alternative profession. Arani silk is very famous. Normally, Kanchipuram silk is known to everybody. Arani silk is equally famous and is very fine. So, how do they give respect and honour to men and women? Is it not the responsibility of the Government to give respect and honour to these people, the weavers? So, I would request the Government to set up a Silk Park in Arani. The land has been already selected; it is there.

Secondly, in Mailam, which is in my constituency, in the junction, so many accidents are taking place. Already the project report for flyover is ready; the feasibility report is ready for the flyover. So, I would request the hon. Speaker to press the Government to get a flyover in Mailam for our Army people. Thank you, Sir.

**श्रीमती गीता कोडा (सिंहभूम):** अध्यक्ष महोदय, अभी कुछ दिनों से मीडिया में लगातार झारखण्ड की मॉब लिंचिंग पर बातें आ रही हैं, मैं उसकी ओर आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी। सरायकेला क्षेत्र में, जो मेरे संसदीय क्षेत्र में आता है, वहां तबरेज़ अंसारी नाम के लड़के की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस वक्त वहां की कानून-व्यवस्था इतनी चरमराई हुई है, मैं आंकड़े के साथ इसे पेश करना चाहूंगी कि झारखण्ड में विगत कुछ वर्षों में यह ऐसा 11वां मामला है और सिर्फ इस साल में ऐसे चार मामले रजिस्टर हुए हैं। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि झारखण्ड में कानून-व्यवस्था की क्या स्थिति है।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगी कि इस पर वहां की सरकार को यह निर्देश दिया जाए कि इस लड़के को न्याय मिले और जो लोग इसमें संलिप्त हैं, चाहे वे भीड़ का हिस्सा हों या कानून से संबंधित व्यक्ति हो, उन पर भी सख्त से सख्त कार्रवाई हो। यह बहुत गंभीर मामला है। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

(1345/RAJ/SMN)

**डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज):** अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान मुजफ्फरपुर से शुरू एन्सेफलाइटिस से मरे बच्चों की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं। मैं कई दिनों से यह मुद्दा उठाना चाह रहा था। तब लगभग सौ बच्चे मरे थे और आज का आंकड़ा 200 के आस-पास पहुंच गया है। यह नेशनल ट्रेजडी है। मरने वाले बच्चे गरीब परिवारों के हैं। सदन में बहुत लोगों ने चर्चा की, सरकार ने चर्चा की, आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने भी चर्चा की, लेकिन बिहार में जो बच्चे मरे हैं, उसके ऊपर किसी ने भी चर्चा नहीं की है। यह एक क्रिमिनल नेगलिजेंसी है। इस बीमारी से पिछले 20-25 सालों से मौतें हो रही हैं, लेकिन न तो आज तक उसके प्रिवेंशन का कोई फॉर्मूला बना है और न ही उसके अवेयरनेस के बारे में कुछ किया गया है। मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि हिन्दुस्तान की हेल्थ मिनिस्ट्री और बिहार सरकार को निर्देश दिया जाए कि इसको गंभीरता से लें। इसको प्रिवेंट करने की जरूरत है और जितने बच्चों की मृत्यु हुई है, उनके परिवार को मुनासिब मुआवजा मिले।

**श्री सैयद इम्तियाज़ जलील (औरंगाबाद):** अध्यक्ष महोदय, मैं महाराष्ट्र के औरंगाबाद से ताल्लुक रखता हूं। यह वह शहर है, जहां पर दुनिया के दो वर्ल्ड हेरिटेज अजंता और एलोरा हैं। पूरी दुनिया में ऐसा कोई शहर नहीं है, जहां पर दो वर्ल्ड हेरिटेज, मॉन्यूमेंट्स 100 किलोमीटर की दूरी पर हैं।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि जेट एयरवेज बंद हो गई है। एक एयरवेज बंद होने से न जाने कितने लोग बेरोजगार हो जाते हैं। चूंकि औरंगाबाद एक टूरिज्म सिटी है, वहां बहुत सारे टूरिस्ट्स आते हैं। एयरलाइन्स बंद होने से बहुत लोग बेरोजगार हो गए हैं। औरंगाबाद एक इंडस्ट्रियल सिटी है। वैसे मराठवाड़ा एक बैकवर्ड रीजन है। सिर्फ औरंगाबाद

में ही इंडस्ट्रीज हैं। आज लोगों के पास बेहिसाब पैसा है, लेकिन वक्त नहीं है। एक एयरलाइन को स्टार्ट करने के लिए हम पिछले कई दिनों से सिविल एविएशन की अथॉरिटीज के साथ बात कर रहे हैं। मैंने खुद कल सिविल एविएशन, सेक्रेट्री और मिनिस्टर से बात की। उनका कहना है कि पायलेट्स दूसरी एयरलाइन्स ज्वाइन कर ले रहे हैं। सवाल सिर्फ पायलेट्स का नहीं है बल्कि सवाल यह है कि एक एयरलाइन के बंद होने से पूरी इंडस्ट्री कोलैप्स हो गई है, होटल्स खाली पड़े हुए हैं और ट्रांसपोर्ट इंडस्ट्री खाली पड़ी हुई है और इंडस्ट्रियलाइजेशन के ऊपर भी इसका बहुत असर पड़ा है।

हम सरकार से अनुरोध करना चाहते हैं कि दिल्ली और मुंबई के लिए जल्द से जल्द कम से कम दो एयरलाइन्स औरंगाबाद के लिए स्टार्ट करें। एक गोल्डेन ट्राइएंगल हुआ करती थी, वह एयरलाइन एयर इंडिया चलाती थी। जो दिल्ली, जयपुर, उदयपुर, औरंगाबाद और मुंबई को कनेक्ट करती थी। बहुत टूरिस्ट्स इसका फायदा उठाते थे। मैंने सरकार से यह अनुरोध किया है कि प्राइवेट एयरलाइन्स को नहीं, अगर खुद की एयरलाइन, एयर इंडिया को आप आदेश देते हैं, यह दोबारा स्टार्ट किया जाता है तो अच्छा होगा। कल प्रधान मंत्री साहब ने कहा कि हम टूरिज्म को बढ़ावा देना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि इसकी शुरुआत औरंगाबाद से की जाए।

**माननीय अध्यक्ष :** डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे और डॉ. हिना विजयकुमार गावीत को श्री सैयद इम्तियाज़ जलील द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा):** अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान के डूंगरपुर, बांसवाड़ा क्षेत्र से चुन कर आया हूं। यह आदिवासी बहुल क्षेत्र है और लंबे समय से वहां रेल लाइन की मांग है। इस मांग को बार-बार क्षेत्र में उठाया जा रहा है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि रतलाम से डूंगरपुर वाय बांसवाड़ा, सागवाड़ा 176 किलो मीटर की दूरी है। पिछले समय में यह कार्य प्रारंभ किया गया था। राज्य सरकार और केन्द्र सरकार के बीच एमओयू हुआ था। परन्तु दुर्भाग्य से आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के नाते इस कार्य को प्रारंभ नहीं किया गया। उसका कारण कुछ भी हो,

परन्तु आदिवासी क्षेत्र होने के नाते, पिछले समय कई मंत्रियों ने कहा कि नो प्रॉफिट, नो लॉस पर ऐसे क्षेत्र में रेल लाइन बिछाना जरूरी है।

(1350/IND/MMN)

इस बात को ध्यान में रखते हुए मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इस परियोजना से आदिवासी अंचल के दोनों जिले डूंगरपुर और बांसवाड़ा अहमदाबाद जैसे बड़े जंक्शन से जुड़े जाएं, तो देश के किसी भी कोने में आने-जाने की सुविधा मिलेगी। इसका सीधा लाभ यहां के व्यापारियों, पर्यटन, श्रमिकों तथा उद्योगपतियों को मिलेगा, जिससे इस क्षेत्र का बहुत लाभ होगा।

**डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट):** अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि समय पर अपने बच्चों को शिक्षा देने की हर माता-पिता की ज्यादा रुचि है। मैं बालाघाट सिवनी जिले से आता हूं। हमारे यहां वर्तमान में तीन केंद्रीय स्कूल जरूर हैं, लेकिन ये जिला स्तर पर हैं और सीबीएससी के कोर्स में अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ाना चाहते हैं। प्राइवेट क्षेत्र से सीबीएससी कोर्स कराने में उन पर बहुत आर्थिक भार आता है और दिक्कतें आती हैं। मैं चाहता हूं कि सीबीएससी कोर्स के हमारे जो वर्तमान संचालित स्कूल हैं, उनमें अतिरक्ति कक्षाओं की अनुमति दी जाए, ताकि हम नई कक्षाएं बनाकर बच्चों को पढ़ाने की व्यवस्था कर सकें।

**डॉ. राजदीप राय (सिल्चर):** अध्यक्ष महोदय, अटल जी का एक सपना पूरे भारत को सड़क के माध्यम से गोल्डन क्वाड्रिलेटरल से जोड़ने का था। उसमें उनका प्लान था कि सिल्चर से सौराष्ट्र का एक फोर लेन एक्सप्रेस-वे हो। वर्ष 2004 में सिल्चर में उसका शिलान्यास हुआ था। भारतवर्ष के लोगों ने वर्ष 2004 में जो निर्णय लिया था, उसका असर सिल्चर के लोगों पर पड़ा। वर्ष 2004 से 2014 तक उस रास्ते का कोई काम नहीं हुआ और उसमें दो अड़चनें आईं। उसमें वाइल्ड लाइफ की कोई क्लीयरेंस नहीं मिली। वर्ष 2007 या 2008 में तब की राज्य सरकार और केंद्र सरकार के माध्यम से एक नोटिस आया कि वाइल्ड लाइफ का क्लियरेंस नहीं है और फारेस्ट का भी क्लियरेंस नहीं है। अभी दो-तीन साल पहले वह क्लियरेंस का मामला हट गया है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि सिल्चर से हॉफलाँग या नौगांव होते हुए गुवाहटी का रास्ता 410 किलोमीटर के करीब है। उसमें पैकेज नम्बर 21 है, जो बालाछोड़ा से हरंगाजाओ का रास्ता 31 किलोमीटर है, जिसमें कि प्रोब्लम है, उसका स्टेटस क्या है। आज के समय वहां लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। वहां मानसून सीज़न चल रहा है। आपके माध्यम से मैं मंत्री जी से वहां के स्टेटस के बारे में जानना चाहता हूं।

**श्री चन्द्र सेन जादौन (फिरोजाबाद):** महोदय, मैं उत्तर प्रदेश के संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद से आता हूं। महत्वपूर्ण विषयों में से एक महत्वपूर्ण विषय किसानों की आर्थिक स्थिति का है। देश की 80 प्रतिशत जनता गांवों में निवास करती है, जिसमें से 60 प्रतिशत जनता खेतिहर किसान है। किसानों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। उनके पास खाने के लिए पैसा नहीं है। हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र भाई मोदी ने वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वायदा किया है, इसके लिए मैं उनका बहुत आभारी हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में किसानों की मुख्य खेती आलू है। सिरसागंज नगर में 70 से 80 कोल्ड स्टोरेज हैं। किसान अपनी खेती में सामर्थ्य से अधिक लागत लगाकर आलू पैदा करता है, लेकिन उसे उपज का वाजिब मूल्य प्राप्त नहीं होता है। न जाने क्या कारण है कि आलू का निर्यात नहीं हो पाता है और किसान बरबादी के कगार पर पहुंचने के लिए बाध्य हो जाता है।

महोदय, मेरा सुझाव है कि अगर सिरसागंज क्षेत्र में आलू पाउडर बनाने की फैक्टरी स्थापित कर दी जाए, तो किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सकती है और वह बरबादी के कगार से बच सकता है।

(1355/VB/VR)

**श्री अरूण साव (बिलासपुर):** माननीय अध्यक्ष महोदय, बिलासपुर छत्तीसगढ़ राज्य का दूसरा बड़ा शहर है। यहाँ पर एसीसीएल का मुख्यालय है, एनटीपीसी है, रेलवे ज़ोन, उच्च न्यायालय और केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैं। लेकिन अब तक यहाँ हवाई सेवा प्रारम्भ नहीं हो पायी है। हवाई अड्डा लगभग बनकर तैयार है। मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूँ क्योंकि यह बिलासपुर की

जनता की बहुप्रतीक्षित माँग है। यहाँ की जनता इसके लिए उद्वेलित है। इसलिए शीघ्र ही बिलासपुर से हवाई सेवा प्रारम्भ की जाए। आपके माध्यम से मैं सरकार से यह माँग करता हूँ।

SHRI HIBI EDEN (ERNAKULAM): Hon. Speaker, as the entire House is aware the disastrous flood which hit Kerala in the second week of August, 2018, took lives of 483 people and 14 people are still missing. Around 54 lakh people were affected by the flood out of which 34 lakh people had to stay in relief camps. Around 20,000 houses were fully destroyed. Farmers lost their crops and fishermen, who took part in rescue operations, had to lose their livelihood.

Sir, the Kerala Government had asked for a special package of Rs.5606.7 crore, out of which the Central Government had allotted only Rs.2904.85 crore. In 2004, when Tsunami hit Kerala, the then State Government had asked for a package and the entire package was allotted by the then Central Government.

Sir, I would like to request the Central Government to allot more funds. The Post-Disaster Need Assessment Survey shows that we had a damage of Rs.26,718 crore and we need Rs.31,000 crore to rebuild Kerala. Many NGOs have taken part in rehabilitation and rebuilding process of Kerala like Rotary Club, Lions Club and many other corporates. I would like a special package to be given to the State of Kerala to rehabilitate the fishermen and the farmers. I also request for an assistance of a special Central fund for the sake of Kerala State. Thank you, Sir.

**श्रीमती क्वीन ओझा (गौहाटी):** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं असम के गौहाटी को रिप्रजेंट करती हूँ। यह नॉर्थ-ईस्ट का प्रवेश द्वार है। सबसे बड़ी बात यह है कि गौहाटी के चारों तरफ पहाडियाँ हैं

और इसके बीच से ब्रह्मपुत्र नदी बह रही है। लेकिन दुख की बात यह है कि हर साल गौहाटी में आर्टिफिशियल फ्लड के कारण लोग बहुत ही परेशान हैं। इसलिए मैं आपसे रिक्वेस्ट करती हूँ कि आर्टिफिशियल फ्लड का साइंटिफिकली समाधान निकालकर इसे खत्म किया जाए।

जब मैं इलेक्शन लड़ रही थी, तो सभी लोगों का यही कहना था कि हमें पीने का पानी चाहिए और यह जो हर साल आर्टिफिशियल फ्लड हो रही है, उसे खत्म किया जाए। यह मेरी विनती है, इसे मैं सरकार की नज़र में डाल रही हूँ।

SHRI MAHESH SAHOO (DHENKANAL): Hon. Speaker, Sir, I am very grateful to you for giving me this opportunity as I am a first-time Member and speaking for the first time in this current Session.

Sir, you are aware of the fact that Talcher in my Parliamentary constituency, Dhenkanal has given a huge royalty to the Government of India. The people of Talcher and my Parliamentary constituency has sacrificed a lot for the sake of the nation. But in return, the Government of India is totally neglecting us. I am going to express it in a few words.

Mahanadi Coalfields Limited (MCL), Talcher is one of the largest coal-producing companies and it has crossed its target in terms of coal production. As per the provisions, another company, namely, Brahmani Coalfield Limited (BCL) should also be established, which has not yet been done. Sir, through you, Sir, I request the Government to clarify when BCL would be established. Thank you, Sir.